# भारत सरकार

## इलैक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

# राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश

## शिमला दिनांक 24-फरवरी-2023

## हिंदी समिति की बैठक का आयोजन एवं

## एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के लिए केंद्र सरकार के कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

इस उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2022-23 की चतुर्थ व अंतिम तिमाही (01-जनवरी-2023 से 31-मार्च-2023) के दौरान दिनांक 24-फरवरी-2023 को कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।




**श्री अजय सिंह चैहल उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी**
**हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के लिए समिति के सभी सदस्यों को पूर्व में सूचित किया गया था, एवं इसी प्रकार से कार्यालय के सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं को हिंदी कार्यशाला व हिंदी संगोष्ठी के आयोजन के लिए भी पूर्व में सूचित किया गया था।

सबसे पहले कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन पूर्व निर्धारित समय अनुसार किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल एवं चारों सदस्यों श्री विनोद गर्ग, श्री अखिलेश भारती, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में एन.आई.सी. हि.प्र. राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी, एवं यह पाया गया कि, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक सुचारू रूप से किया जा रहा है।

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात् हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया, जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारिओं व कर्मचारिओं ने विडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।



**हिंदी कार्यशाला के दौरान श्री अखिलेश भारती अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए (विडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के माध्यम से)**

कार्याशाला के दौरान विषय विशेष पर हिंदी में व्याख्यान के तहत इस बार श्री अखिलेश भारती ने ब्रह्माण्डीय चेतना पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने एक पक्षी तथा एक समुद्री जीव के,

जीवनों के कुछ आश्चर्यजनक एवं संबंधित पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया तथा इसे पी.पी.टी. के माध्यम से अच्छी तरह समझाया। यह रैड नॉट पक्षी दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप के दक्षिणी छोर में पाया जाता है, तथा हॉर्स-शू क्रैब अमेरिका देश के पूर्वी भाग में स्थित डेलावेयर व डेलावेयर नमक खाड़ी में पाया जाता है। व्याख्यान की प्रस्तुति के पश्चात कुछ महानुभावों ने सकारात्मक टिप्पणियाँ की, तथा अन्य कुछ आश्चर्यजनक व रोचक तथ्यों से संक्षेप में अवगत करवाया।

इसके उपरान्त हिंदी-बोध मोबाइल एप के माध्यम द्वारा दो प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य, हिंदी व्याकरण, सूचना प्रौद्योगिकी व सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्न थे, तथा प्रत्येक प्रश्नोतरी में 12 प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोतरी का संचालन श्री संजय शर्मा ने किया व सभी उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने इसमें भाग लिया। प्रश्नोतरी के दौरान मोबाइल एप में कई त्रुटियाँ पाई गईं, जिसके कारण प्रश्नोतरी के परिणाम नहीं बताये जा सके। अतः यह कहा गया कि, मोबाइल एप की इन त्रुटीयों तथा पूर्व में बताई गई सभी त्रुतिओं को अतिशीघ्र सही किया जाये, तथा मोबाइल एप में प्रश्नोत्तरी के प्रश्नों के लिए उत्तर कुंजी चुनौती प्रक्रिया भी विकसित की जाये। और मोबाइल एप का एंड्राइड व एप्पल दोनों संस्करण संबंधित प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होने चाहिए।



**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान अधिकारी गण, तथा अन्य कार्यालयों के अधिकारी गण विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए**

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के तत्पश्चात हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भी हि.प्र. राज्य केंद्र एवं अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया।

संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए तथा सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोतरी तथा अन्य व नई गतिविधियाँ जारी रहनी चाहिए, तथा इन गतिविधिओं में सभी को रोचक पूर्ण व निष्ठा भाव से भाग लेना चाहिए। श्री बृजेन्द्र कुमार डोगरा ने आगामी व्याख्यान के लिए अपना नाम स्वेच्छा से प्रस्तुत किया, तथा आगामी कार्यशाला के दौरान वह विषय विशेष पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी महानुभावों ने कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को और अधिक सशक्त रूप से जारी रखने सम्बन्धी विचार व अनुभव प्रस्तुत किए, जो कि सभी के लिए अत्यंत उत्साह पूर्ण एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शन के रूप में प्रस्तुत हुए।

इसके पश्चात एन.आई.सी. हिमाचल प्रदेश के त्रैमासिक समाचार पत्र के सन्दर्भ में सभी के साथ विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी में निम्नलिखित अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने भाग लिया

| **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** | **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अजय सिंह चैहल | 21 | राकेश कुमार |
| 2 | संदीप सूद | 22 | रवि कृष्ण मीना |
| 3 | संजय कुमार | 23 | विनोद गर्ग |
| 4 | संजय शर्मा | 24 | अनुराग गुप्ता |
| 5 | विजय कुमार गुप्ता | 25 | संजीव कुमार |
| 6 | शैलेंदर कौशल | 26 | भूपिंदर सिंह |
| 7 | विमल कुमार शर्मा | 27 | भूपिंदर पाठक |
| 8 | संजय कुमार ठाकुर | 28 | अक्षय मेहता |
| 9 | दलजीत सिंह राणा | 29 | बलवान सिंह |
| 10 | मंगल सिंह | 30 | बृजेन्द्र डोगरा |
| 11 | आशीष शर्मा | 31 | राजीव कुमार |
| 12 | मुकेश कुमार | 32 | पंकज गुप्ता |
| 13 | सर्वजीत कुमार | 33 | दीपक कुमार |
| 14 | वंदना संख्यान | 34 | विजय कुमार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | पृथ्वी राज | 35 | अखिलेश भारती |
| 16 | अंकिता मिश्रा | 36 | स्वेतंश शतक |
| 17 | पूजा मान | 37 | प्रत्युल |
| 18 | विनय डोगरा | 38 | संदीप कुमार |
| 19 | शंकर लाल | 39 | मोनिका |
| 20 | दीपक कुमार (एम.सी.एच.) | | |

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिन भर जारी रहा, एवं सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं नें कार्यालय में राजभाषा के सम्पूर्ण प्रयोग हेतु अपने अपने विचार रखे एवं अपने अपने अनुभव साँझा किये, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक थे।